भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3551
08.08.2022 को उत्तर के लिए

जंगली हाथियों के हमले

3551. श्री प्रज्जवल रेवन्ना :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हासन लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अलूर सक्लेशपुरा और बेलूर तालुकों के वनक्षेत्रों के आस - पास जंगली हाथियों के लगातार हमले की समस्या और इसके कारण लोगों के जीवन और आजीविका के प्रभावित होने से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त क्षेत्र में हुए फसलों और जानमाल के नुकसान तथा प्रभावित परिवारों को भुगतान किये गये क्षतिपूर्ति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त क्षेत्र में जीवन सुरक्षा और फसल की क्षति को रोकने के लिए पर्याप्त वन कर्मचारी और वन रक्षक तैनात हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक पकड़े गए और पुनर्वासित हाथियों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का उक्त क्षेत्र में और अधिक स्टील रोप बैरिकेड्स और बिजली के बाड़ लगाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख): कर्नाटक राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में जीवन और फसलों/संपत्ति की क्षति और भुगतान की गई अनुग्रह राशि का विवरण अनुबंध में संलग्न है।

(ग) और (घ): कर्नाटक राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार, स्थायी फ्रंटलाइन स्टाफ (उप रेंज वन अधिकारी-सह सर्वेक्षकों, वन गार्डों और वन निगरानीकर्ताओं) के अलावा, उपद्रव-रोधी शिविरों (एडीसी) और रैपिड रिस्पांस टीम में अस्थायी निगरानीकर्ताओं को तैनात किया जाता हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है:

आरआरटी	5 टीम	20 निगरानीकर्ता
एडीसी	21 टीम	84 निगरानीकर्ता
कुल	26 टीम	104 निगरानीकर्ता

वर्ष 2000 से अब तक, कुल 74 जंगलीहाथियों को पकड़ा गया है और उनका पुनर्वास किया गया है। इसके अलावा, बैरिकेड़ और सौर बाड़ की स्थापना के चल रहे कार्य के अलावा, कर्नाटक राज्य ने मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए अब तक 9.50 किमी रेलवे बैरिकेड और 14.0 किमी. स्पर्शक सौर बाड़ का निर्माण किया है।

****

अनुबंध

'जंगली हाथियों के हमले' के संबंध में श्री प्रज्जवल रेवन्ना द्वारा दिनांक 08.08.2022 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3551 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

2019-20 से 2022-23 तक (2.08.2022 तक) हासन मंडल, हासन में जीवन और फसलों/संपत्ति की क्षति और भुगतान की गई क्षतिपूर्ति राशि का विवरण

वर्ष	नष्ट हुई फसल		मारे गए पशु		मानव मृत्यू		पेंशन		स्थायी असमर्थता		चोट		संपत्ति की क्षति		कुल	
	मामलों की सं.	राशि (रू.)	मामलों की सं.	राशि (रू.)	मामलों की सं.	राशि (रू.)	मामलों की सं.	राशि (रू.)	मामलों की सं.	राशि (रू.)	मामलों की सं.	राशि (रू.)	मामलों की सं.	राशि (रू.)	मामलों की सं.	राशि (रू.)
2019-20	2,097	1,21,30,926	156	11,83,900	3	15,00,000	4	96,000	-	-	4	97,662	13	91,500	**2,277**	**1,50,99,988**
2020-21	3,424	2,15,28,687	174	12,95,100	5	37,50,000	5	66,000	-	-	2	65,213	26	2,45,000	**3,636**	**2,69,50,000**
2021-22	2,670	1,55,15,463	148	8,54,000	5	37,50,000	12	2,76,000	1	2,00,000	6	4,37,137	50	2,29,400	**2,892**	**2,12,62,000**
2022-23 (**2.08.222 तक)**	191	11,82,425	-	-	1	75,000	-	-	-	-	-	-	14	66,000	**206**	**19,98,425**
कुल	**8,382**	**5,03,57,501**	**478**	**33,33,000**	**14**	**90,75,000**	**21**	**4,38,000**	**1**	**2,00,000**	**12**	**6,00,012**	**103**	**6,31,900**	**9,011**	**6,53,10,413**